CLASS- X GRAND TEST- 1

(HINDI (S/L)

Max. Marks: 100 Time: 3.15 Hours KV's

---

सूचनाएँ : 1. प्रश्न पत्र पढने के लिए 15 मिनट का समय निर्धारित है।

2. सभी प्रश्नों के उत्तर, उत्तर पुस्तिका में लिखिए।

3. प्रश्न पत्र में छः भाग हैं।

---

**भाग - 1**

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर सूचना के अनुसार लिखिए। 12 × 1 = 12

1. सावन के मेघ झम झम बरसते हैं। श्रावण की प्रकृति सुंदर होती है। (रेखांकित शब्द का तत्सम रूप पहचानकर लिखिए।)

2. मोर झूम-झूमकर नाचने लगा। (इसमें क्रिया विशेषण शब्द पहचानकर लिखिए | )

3. एक हज़ार पाँच सौ दस - संख्याओं में लिखिए।

4. अमीना हामिद __________दादी है।

(सही कारक चिह्न पहचानकर लिखिए।)

(का / के / की)

5. हामिद के पास तीन पैसे हैं। (रेखांकित शब्द का समास पहचानकर लिखिए। )

1) द्वंद्व समास

2) द्विगु समास

6. दशहरा हिंदुओं का धार्मिक त्यौहार है।

(रेखांकित शब्द का संधि विच्छेद कीजिए।)

7. मन भावन का अर्थ पहचानिए।

A) मन को अच्छा लगनेवाला

B) मन को बुरा लगनेवाला

8. अमीना का दिल कचोट रहा है।

(मुहवारेदार शब्द पहचानकर लिखिए।)

A) अमीना का दिल B) दिल कचोटना

9. गायक गीत गाता है। (लिंग बदलकर पूरा वाक्य लिखिए।)

10. औरत बाज़ार जाती है। (वचन बदलकर पूरा वाक्य लिखिए।)

11. गोपाल मद्रास जाता है। (वाक्य को भविष्यतकाल में बदलकर लिखिए।)

12. मैं पाठ पढ़ता है। (वाक्य को शुद्ध कीजिए।)

भाग-2

11. प्रश्न पत्र संख्या 13 से 16 तक दिये गये गद्यांश, पद्यांश पढ़कर निर्देश के अनुसार उत्तर दीजिए।

13. निम्नलिखित गद्यांश पढ़कर दिये गए प्रश्नों के सही उत्तर पहचानकर लिखिए। 5 x 1 = 5

लोकगीतों के कई प्रकार हैं। इनका एक प्रकार तो बड़ा ही ओजस्वी और सजीव है। यह इस देश के आदिवासियों का संगीत है। मध्य प्रदेश, दक्कन, छोटा नागपुर में गोंड - खांड, भील-संथाल आदि फैले हुए हैं। इनके गीत और नाच अधिकतर साथ- साथ और बड़े- बड़े दलों में गाये और नाचे जाते हैं। बीस - बीस, तीस - तीस आदिवासियों और औरतों के दल एक साथ या एक दूसरे के जबाब में गाते हैं, दिशाएँ गूँज उठती हैं।

प्रश्न

अ) 'स्त्री' का पर्याय शब्द पहचानकर लिखिए।

आ) 'सवाल' का विलोम शब्द पहचानकर लिखिए।

इ) 'स' उपसर्ग से जुड़ा हुआ शब्द पहचानकर लिखिए।

ई) 'तर' प्रत्यय से जुड़ा हुआ शब्द पहचानकर लिखिए।

उ) औरतों के दल एक दूसरे के जवाब में गाते हैं। इस वाक्य में क्रिया शब्द पहचानकर लिखिए।

14. निम्नलिखित पद्यांश पढ़कर दिये गये प्रश्नों के उत्तर विकल्पों में से चुनकर लिखिए। 5 x 1 = 5

ऊँच नीच का भेद मिटाकर, दिल में प्यार बसायेंगे।
नफ़रत का हम तोड़ कुहासा, अमृत रस सरसायेगें ॥
हम निराशा दूर भगाकर, फिर विश्वास जगायेंगे।
हम भारतवासी दुनिया को पावन धाम बनायेंगे ॥

अ) ऊँच नीच का भेद कौन मिटाना चाहते हैं? { }

(A) बच्चे (B) भारतवासी (C) छात्र (D) सैनिक

आ) अमृत सरसाने के लिए किसका कुहासा तोड़ना चाहिए? { }

A) नफ़रत का

B) प्यार का

C) स्नेह का

(D) चिंता का

इ) निराशा दूर भगाकर फिर उसकी जगह क्या जगान चाहिए। { }

A) प्यार (B) स्नेह (C) विश्वास (D) भक्ति

ई) भारतवासी दुनिया को क्या बनाना चाहते हैं?

A) मंदिर

(B) स्वर्ग

C) पावन धाम

D) चारधाम

उ) उपर्युक्त कवितांश के कवि कौन है ? { }

(A) आर. पी. निशंक (B) पंत (C) दिनकर (D) प्रेमचंद

15. निम्नलिखित गद्यांश पढ़कर दिये गये प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए। 5 x 1 = 5

भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में देश को एकता के सूत्र में बाँधने के लिए एक भाषा की आवश्यकता हुई। यह काम हिंदी से ही साध्य हो सका। आज हमें एक से अधिक भाषाएँ सीखना ज़रूरी है। जिनमें हिंदी और अंग्रेज़ी का स्थान महत्वपूर्ण है। हिंदी से हम सारे भारत की पहचान अच्छी तरह से कर सकते हैं। भारत के अलग अलग प्रांतों में अलग अलग भाषाएँ बोली जाती हैं। हमें भारत के सभी प्रांतों से जुड़ने के लिए एक भाषा की आवश्यकता होती है जिसे सारे भारत के वासी जानते हैं। वैसी भाषा ही हिंदी है, जो सारे भारतीयों को एकता के सूत्र में बाँधती है।

-प्रश्न

अ) भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में किसकी आवश्यकता हुई?

आ) आज भारत में किन भाषाओं का स्थान महत्त्वपूर्ण है ?

इ) हिंदी से हम क्या कर सकते हैं?

ई) हम भारतवासियों को एकता के सूत्र में बाँधनेवाली भाषा क्या है ?

उ) यह गद्यांश किस पाठ से दिया गया है?

16. निम्नलिखित गद्यांश पढ़कर दिये गये प्रश्नों के उत्तर विकल्पों में से चुनकर लिखिए। 5 x 1 = 5

प्रो. दीपेश और प्रो. विकास उस अंतरिक्षयात्री को देखकर आश्चर्यचकित हो गए कि अंतरिक्ष में अन्य ग्रहों पर भी हम पृथ्वीवासियों की ही भाँति लोग हैं। दोनों ने इसकी कल्पना तो दूसरे ही रूप में की थी। तभी एक आवाज़ गूँजी...“हैलो हम लोग इस ग्रह से एक प्रकाशवर्ष दूर के एक ग्रह के वासी हैं। हम लोग यहाँ एक मिशन के तहत आए हैं।" आवाज़ को सुन प्रो. दीपेश और प्रो. विकास के आश्चर्य की सीमा नहीं रही, क्योंकि उसकी आवाज़ भी हमारी ही तरह थी।

प्रश्न

अ) अंतरिक्षयात्री को देखकर कौन आश्चर्यचकित रह गए ? ( )

A) प्रो. दीपेश, प्रो. विनोद

B) प्रो. विकास और दिनेश

C) प्रो. दीपेश और प्रो. विकास

(D) प्रो. दिनेश और विनोद

आ) अन्य ग्रहों पर भी किनकी भाँति लोग हैं? ( )

A) पृथ्वीवासियों की (B) अंतरिक्षवासियों की C) जलवासियों की (D) नभवासियों की

इ) अंतरिक्षयात्री किसके तहत आए हैं?

A) एक यान

B) विमान

C) एक मिशन

D) गुरुत्व शक्ति

भाग- III

III. सूचना के अनुसार निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए। 1x4 = 4

17. जोड़ी बनाइए।

| | |
|---|---|
| A.ज्ञान मार्गी शाखा के कवि | चिदंबरा |
| B.प्रकृति चित्रण के बेजोड़ कवि | आर. पी. निशंक |
| C. ज्ञानपीठ पुरस्कार | रैदास |
| D. मातृभूमि के लिए | मित्रानंदन |

18. निम्न जानकारी पढ़कर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए।                4 x 1 = 4

प्रेमचंद का जन्म एक गरीब घराने में काशी में 31 जुलाई, 1880 को हुआ। इनके बचपन का नाम धनपतराय श्री वास्तव था। इन्होंने ट्यूशन पढ़ाते हुए मैट्रिक तथा नौकरी करते हुए बी.ए. पास किया। इन्हें " उपन्यास " सम्राट भी कहा जाता है। इनकी कहानियाँ मानसरोवर शीर्षक से आठ खंडों में संकलित हैं।

A.एक गरीब घराने में _______________ का जन्म हुआ।

B. प्रेमचंद के बचपन का नाम____________ था।

C. ______________ को उपन्यास सम्राट भी कहा जाता है।

D. प्रेमचंद की कहानियाँ _______________ शीर्षक से संकलित है।

भाग- 4

IV. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर तीन या चार पंक्तियों में लिखिए।                8x3=24

19. भारतवासी ऊँच नीच का भेद मिटाने के लिए क्या करना चाहते हैं?

20. मीरा के गुरु ने उसे कौनसी अमोलक वस्तु दी?

21. हिंदी में भविष्य निर्माण के लिए कौन

22. हामिद की खुशी का कारण क्या है ?

18 कौन से वेबसाइट सेवा तत्पर हैं?

23. मानवाकृति अंतरिक्षयात्री पृथ्वी पर क्यों आये थे ?

24. मदर तेरेसा ने अपने जीवन में क्या सिद्ध कर दिखाया है?

25. राजू ने अपने पुराने स्कूल के लिए कौनसा उपहार दिया ?

26. राजा कुमार वर्मा के राज्य में अकाल की समस्या क्यों उत्पन्न हुई होगी?

भाग - 5

V. निम्नलिखित निबंधात्मक प्रश्नों के उत्तर सूचना के अनुसार लिखिए।

27. किसी एक प्रश्न का उत्तर दस पंक्तियों में लिखिए।                1 × 10 = 10

अ) वर्षा के कारण प्रकृति की सुंदरता बढ़ती है। बरसते बादल कविता पाठ के द्वारा सिद्ध कीजिए।

(अथवा )

आ) भारतवासी दुनिया को पावन धाम बनाना चाहते हैं? "हम भारतवासी कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

28. किसी एक प्रश्न का उत्तर दस पंक्तियों में लिखिए।                1 × 10 = 10

(अ) झाँसी की रानी लक्ष्मी बाई त्याग, समर्पण, बलिदान, वीरता और शौर्य की प्रतिमूर्ति है। स्वराज्य की नींव एकांकी के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

(अथवा)

(आ) अब्दुल कलाम के अनुसार अच्छे नागरिक बनने के लिए छात्रों में कौन से गुण होना चाहिए ?

भाग- VI

VI. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर सूचना के अनुसार लिखिए।

29. किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखिए।                1 x 8 = 8

अ) शैक्षिक यात्रा पर जाने की अनुमति माँगते हुए पिताजी के नाम पर पत्र लिखिए।

(अथवा )

आ) आवश्यक पुस्तकें माँगते हुए पुस्तक विक्रेता के नाम पर पत्र लिखिए।

30. संकेत शब्दों के आधार पर निम्न दिये गए शब्दों में से सही शब्दों को चुनकर किसी एक निबंध के रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए।                1 x 8 = 8

अ) मानव का सर्वश्रेष्ठ आविष्कार दूरदर्शन :

(दूरदर्शन, ग्रीक, वैज्ञानिक, दूर, आविष्कार, प्रतिबिंब, लाभ, संसार, साधन, देख, विषय, समाचार, गीत संगीत, धारावाहिक, नामुमकिन, मनोरंजन )

आजकल के वैज्ञानिक और मनोरंजक साधनों में टेलीविजन का स्थान महत्वपूर्ण है। इसे ___________1 भी कहा जाता है। टेलिविज़न______________2 भाषा का शब्द है। टेली का अर्थ 3_______________और विजन का अर्थ 4___________________ है। इंग्लैंड के जे. एल. बयर्ड और जेकिंस नामक 5_______________ने दूरदर्शन का 6____________ किया। मानव को मनोरंजन देनेवाले 7_____________ में दूरदर्शन सशक्त और महत्वपूर्ण 8_____________ दूरदर्शन से कई 9________________हैं। घर बैठे ही हम संसार भर के________________10 सुन और______________11 सकते हैं। हम इसके द्वारा खेल - कूद,____________ 12 नृत्य _______________ 13 -आदि कई ____________14 देख सकते हैं। दूरदर्शन के बिना मानव को _____________15 मिलना ________________ 16 है। सचमुच दूरदर्शन एक महान आविष्कार है।

(अथवा )

आ) मानव जीवन में जल का महत्वपूर्ण स्थान :

(नुकसान, आवश्यक, बचाये, इस्तेमाल, तालाब, मनुष्य, बहाना, दैनिक, महंगा, महत्वपूर्ण, कल्पना, महत्व, अमृत, स्तर, करना, इत्यादि, पैदा)

जल हमारे लिए अत्यंत _______1 घटक है। यह प्रकृति का अनमोल उपहार है। जल के बिना हमारा जीवन संभव नहीं है। ऐसा माना जाता है कि जल ही जीवन है। यह _______ 2 समान है। _______ 3 के साथ - साथ पशु - पक्षी, पेड पौधे सभी के लिए अत्यंत आवश्यक है। सब का - जीवन जल पर निर्भर है। _________ 4 भोजन करना, कपडे धोना, फसलें जीवन के लिए बहुत आवश्यक हैं। पानी, पीना, नहाना _________5 करना आदि के लिए जल बहुत _________ 6 है।

जल के बिना हमारे जीवन की ________ 7 करना कठिन है। जल समुद्र, नदी, तालाब, पोखर, कुआँ, नहर __________ 8 में पाया जाता है। आजकल हर जग पानी की बर्बादी हो रही है। जल प्रदूषित हो रहा है। जल की कमी के कारण हमें फसलों की उप कम होती है। अनाज के दाम बढ जाते हैं। पर्यावरण को काफी __________ 9 होता है । पीने का पानी ____________ 10 बन जायेगा। इसलिए हम सब को - होता है।

* जल को दूषित नहीं करना चाहिए। ज़मीन में जल का _______11 बनाये रखना चाहिए।
* पानी को ________ 12 रखना है। जल संरक्षण करना चाहिए।
* बरसात के पानी को इकट्ठा करना चाहिए।
* पानी के रख रखाव के लिए ________ 13 आदि बनाना चाहिए।
* पानी का _______ 14 कम से कम मात्रा में करना चाहिए।
* स्वच्छ पानी का ________ 15 जानना चाहिए।
* पानी को पानी की तरह नहीं _________ 16 चाहिए।